Regarding need to extend Defence Corridor upto Kaushambi-Prayagraj-laid

श्री विनोद कुमार सोनकर **(कौशाम्बी):** डिफेंस कॉरीडोर पहले फेज में अलीगढ़, आगरा, झांसी तक किया गया था । दूसरे फेज में चित्रकूट, कानपुर, लखनऊ में प्रस्तावित है । जबकि, चित्रकूट से लगा हुआ कौशाम्बी जिला है । यहीं से लगा हुआ प्रयागराज जनपद है । लाखों हेक्टेयर भूमि आरक्षित पड़ी हुई है । यदि हम डिफेंस कॉरिडोर को वहां तक जोड़ देते हैं तो निश्चित रूप से लाखों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा । डिफेंस कॉरिडोर को यदि कौशांबी वाया प्रयागराज तक कर दिया जाए तो कौशांबी जनपद का पिछड़ापन दूर किया जा सकता है और जबकि इस संबंध में जनपद में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं । इससे कौशांबी के शिक्षित युवा वर्ग के लिए रोजगार की नई संभावनाओं का सृजन होगा और आर्थिक स्वलम्बन को भी बल प्राप्त होगा । इसलिए मैं डिफेंस कॉरीडोर को कौशाम्बी-प्रयागराज से जोड़े जाने की मांग करता हूँ ।

___